दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur

(Accredited A++ by NAAC)

बीटेक की रिक्त सीटों पर स्पॉट काउंसलिंग 18 को, एमएस और बीसीए में प्रवेश 19 से

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में बीटेक की रिक्त सीटों के लिए स्पॉट काउंसलिंग 18 सितंबर को होगी। स्पॉट काउंसलिंग के लिए पंजीकरण विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल www.dduguadmission.in पर किया जा सकता है।

इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो उमेश यादव द्वारा निर्गत सूचना के अनुसार इस स्पॉट काउंसलिंग के द्वारा प्रथम वर्ष में सीएसई, आईटी, ईसीई एवं एमई की रिक्त सीटों के अलावा द्वितीय वर्ष में लैटरल एंट्री के माध्यम से भरी जाने वाली रिक्त सीटों पर भी प्रवेश लिया जाएगा।

प्रो यादव ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा, जेईई मेन तथा सीयूईटी प्रवेश परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट से होगा जिसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है।

एमएस तथा बीसीए के नए कोर्सेज में प्रवेश 19 से

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विष्वविद्यालय में इस वर्ष से आरंभ हुए एम एस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), बीसीए(मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस) तथा बीसीए (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) की प्रवेश प्रक्रिया 19 एवं 20 सितंबर को विवि परिसर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में संपन्न होगी।

स्पॉट काउंसलिंग से संबंधित विस्तृत सूचना प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध है। अन्य सूचनाएं विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

फार्मेसी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा 22 को होगी,आज से डाउनलोड होंगे प्रवेश पत्र

विश्वविद्यालय में इस वर्ष से शुरू हुए बी फार्म तथा डी फार्म पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 22 सितंबर को आयोजित होंगी।

यह जानकारी देते हुए प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र सोमवार से प्रवेश पोर्टल से डाउनलोड कर सकेंगे। परीक्षा दो पालियों में विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होगी।